CAAE– 41 (H)

सहायक लेखा अधिकारी सामूहिक परीक्षा, **2017**

दिसम्बर, **2018**

भारत का संविधान और वित्तीय नियंत्रण

(पुस्तकों के बिना)

समय : 3 घंटे | *अधिकतम अंक : 150*

टिप्पणियां: इस प्रश्न पत्र में **10 प्रश्न** और **2 पृष्ठ** हैं। समूह **'क'** से किन्हीं **चार प्रश्नों** के तथा समूह **'ख'** से किन्हीं **दो प्रश्नों** के उत्तर दीजिए।

समूह 'क'

1. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए:

(क) लोक लेखा समिति *(6 अंक)*

(ख) राष्ट्रपति का चुनाव *(7 अंक)*

(ग) लाभ का पद *(6 अंक)*

(घ) अंतरराज्जीय परिषद *(6 अंक)*

2. (क) धन विधेयक क्या होता है? धन विधेयक को संसद में किस प्रकार पारित किया जाता है? *(13 अंक)*

(ख) पूरक, अतिरिक्त और अधिक अनुदान क्या होते हैं और इन्हें संसद से किस प्रकार प्राप्त किया जाता है? *(12 अंक)*

3. (क) उच्चतम न्यायालय के अपीलीय न्यायाधिकार की व्याख्या कीजिए। *(15 अंक)*

(ख) राष्ट्रपति और उच्चतम न्यायालय के बीच संबंध की व्याख्या कीजिए। *(10 अंक)*

4. (क) भारत की समेकित निधि, आकस्मिकता निधि और लोक लेखे के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए। *(15 अंक)*

(ख) संसद में विभिन्न प्रकार के कटौती प्रस्तावों का वर्णन कीजिए। *(10 अंक)*

5. (क) वित्त आयोग पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। *(10 अंक)*

(ख) 14वें वित्त आयोग की मुख्य सिफारिशें क्या है? *(15 अंक)*

6. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए:

(क) वित्तीय आपातकाल *(8 अंक)*

(ख) संविधान का संशोधन *(8 अंक)*

(ग) संघ और राज्यों के बीच विधायी संबंध *(9 अंक)*

समूह 'ख'

7. लोक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए और संक्षेप में वर्णन कीजिए कि पीएफएमएस के माध्यम से प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) किस प्रकार किया जाता है? *(25 अंक)*

8. (क) वैयक्तिक जमा लेखे पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। *(12 अंक)*

   (ख) सरकारी ई-मार्केट प्लेस पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। *(13 अंक)*

9. निविदा प्रक्रिया संबंधी निम्नलिखित शब्दों की व्याख्या कीजिए:

   (क) विचारणीय विषय (टी.ओ.आर.) *(5 अंक)*

   (ख) अभिरूचि की अभिव्यक्ति (ई.ओ.आई.) *(5 अंक)*

   (ग) प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आर.एफ.पी.) *(5 अंक)*

   (घ) दो बोली प्रणाली *(5 अंक)*

   (ङ) वापस खरीद प्रस्ताव *(5 अंक)*

10. (क) सहायता अनुदान क्या होते हैं? किन संस्थाओं अथवा संगठनों को सहायता अनुदान दिए जा सकते हैं? *(13 अंक)*

    (ख) सहायता अनुदान संबंधी शेषों और उपयोग प्रमाण-पत्रों की व्याख्या कीजिए। *(12 अंक)*

....